दैनिक

# क्यूँ न लिखूँ सच

प्रातः कालीन

मुरादाबाद से प्रकाशित

बर्षः- 04
अंकः-114
मुरादाबाद
(Tuesday)
13 August 2024
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड


## शंभू बॉर्डर पर किसानों के चक्का जाम पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, कहा- हाईवे ट्रैक्टरों की पार्किंग के लिए नहीं





सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि लोगों के आवागमन को सुचारू बनाने के लिए शंभू बॉर्डर को आंशिक तौर पर खोला जाना चाहिए।सुप्रीम कोर्ट शंभू बॉर्ड को आंशिक रूप से खोले जाने को लेकर गंभीर हो गया है। अदालत ने आदेश दिया की इसे जल्द खोला जाए। इसके लिए पंजाब और हरियाणा के डीजीपी को एक सप्ताह के भीतर बैठक करने और समाधान निकालने को कहा है। दरअसल, किसान एमएसपी को लेकर पिछले कई सालों से आंदोलन पर हैं। केंद्र सरकार से कई राउंड की उनकी वार्ता भी हो चुकी है, मगर समाधान नहीं निकल सका। इस साल फरवरी में एक बार फिर किसानों ने दिल्ली की ओर रुख किया तो उन्हें रोकने के लिए हरियाणा सरकार ने शंभू बॉर्डर पर बैरिकेड लगा दिए। तब से किसान वहीं बैठे हैं।सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को हुई सुनवाई में कहा कि शंभू बॉर्डर पर यात्रियों के लिए एक-एक लेन खोली जा सकती है। अदालत ने पंजाब और हरियाणा के डीजीपी को पटियाला और अंबाला जिलों के पुलिस अधीक्षकों के साथ एक सप्ताह के भीतर बैठक करने को कहा है। इसके अलावा, कोर्ट ने पंजाब सरकार से कहा कि वह किसानों को सड़क से ट्रैक्टर हटाने के लिए राजी करे ।पंजाब और हरियाणा सरकार की सराहना- न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने एक समिति गठित करने के लिए गैर-राजनीतिक नाम सुझाने के लिए पंजाब और हरियाणा सरकार की सराहना की, जो प्रदर्शनकारी किसानों के साथ बैठक करेगी। हाईवे ट्रैक्टरों की पार्किंग के लिए नहीं- पीठ ने कहा कि हाईवे ट्रैक्टरों की पार्किंग के लिए नहीं हैं। शंभू में सड़क को आंशिक रूप से खोलने का आदेश एंबुलेंस, आवश्यक सेवाओं, वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं, छात्राओं और आसपास के क्षेत्रों के स्थानीय यात्रियों की आवाजाही को सुविधाजनक बनाने के लिए आवश्यक है। हम शंभू बॉर्डर पर प्रदर्शनकारी किसानों से बात करने के लिए गठित की जाने वाली समिति की शर्तों पर संक्षिप्त आदेश पारित करेंगे।% शीर्ष अदालत ने इससे पहले पंजाब और हरियाणा सरकारों से कहा था कि वे शंभू सीमा पर अपने उत्पादों के लिए एमएसपी की कानूनी गारंटी जैसी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे किसानों तक पहुंचने के लिए एक स्वतंत्र समिति गठित करने हेतु कुछ तटस्थ व्यक्तियों के नाम सुझाएं। अदालत ने कहा था कि किसी को भी स्थिति को बिगाड़ना नहीं चाहिए।13 फरवरी से चक्का जाम- पीठ हरियाणा सरकार की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी गई है, जिसमें उसे एक सप्ताह के भीतर अंबाला के पास शंभू बॉर्डर पर लगाए गए बैरिकेड्स हटाने को कहा गया है। यहां प्रदर्शनकारी किसान 13 फरवरी से डेरा डाले हुए हैं। हरियाणा सरकार ने फरवरी में अंबाला-नई दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर बैरिकेड्स लगा दिए थे, जब संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा ने घोषणा की थी कि किसान अपनी मांगों के समर्थन में दिल्ली तक मार्च करेंगे।

## यूपी डीजीपी बोले- किसी को मुसीबत में देखकर वीडियो न बनाएं, एक पहल करें और यूपी 112 पर कॉल करें

यूपी डीजीपी ने सोमवार को यूपी 112 के विशेष अभियान %एक पहल% का शुभारंभ कर दिया। उन्होंने कहा कि एक पहल जनता से सहयोग लेने का अभियान है।यूपी के डीजीपी प्रशांत कुमार ने कहा कि किसी को मुसीबत में देखकर वीडियो न बनाएं बल्कि यूपी 112 पर कॉल करें। संदिग्ध व्यक्ति और वस्तु की सूचना यूपी 112 को देने में संकोच न करें। यह बातें उन्होंने यूपी 112 के विशेष अभियान %एक पहल% का शुभारंभ करते समय कही।उन्होंने कहा कि %एक पहल% आम लोगों को संवेदनशील और सतर्क बनाने का अभियान है। छेड़छाड़, छींटाकशी और सड़क पर पड़े घायल की अनदेखी न करें। यह अभियान एक जगजागृति है। एक पहल कीजिए... यूपी 112 को कॉल कीजिए। एक पहल आम लोगों से सहयोग लेने का अभियान है।इस मौके पर यूपी डीजीपी प्रशांत कुमार ने कहा कि बीते आठ वर्षों में प्रदेश दस्यु मुक्त और फिरौती मुक्त हुआ है। प्रदेश में कानून-व्यवस्था में व्यापक सुधार हुआ है। आठ साल पहले यूपी 112 का रिस्पॉन्स टाईम 40-45 मिनट था जो अब 8-9 मिनट है। इस मौके पर यूपी डीजीपी प्रशांत कुमार ने कहा कि बीते आठ वर्षों में प्रदेश दस्यु मुक्त और फिरौती मुक्त हुआ है। प्रदेश में कानून-व्यवस्था में व्यापक सुधार हुआ है। आठ साल पहले यूपी 112 का रिस्पॉन्स टाईम 40-45 मिनट था जो अब 8-9 मिनट है।




### संक्षिप्त समाचार

#### मोहम्मद यूनुस एक धर्मनिरपेक्ष नेता, बांग्लादेश की अंतरिम सरकार पर विश्वास जताते हुए बोले शरद पवार

एनसीपी-एससीपी के प्रमुख शरद पवार ने सोमवार को मराठा आरक्षण पर कहा कि सीएम एकनाथ शिंदे से मुलाकात कर एक सर्वदलीय बैठक बुलाने को कहा है। साथ ही उन्होंने पड़ोसी देश बांग्लादेश के बिगड़ते हालात पर भी बात की।एनसीपी-एससीपी के प्रमुख शरद पवार ने सोमवार को कई मुद्दों पर पत्रकारों से बात की। उन्होंने मराठा आरक्षण पर कहा कि सीएम एकनाथ शिंदे से मुलाकात कर एक सर्वदलीय बैठक बुलाने को कहा है। साथ ही उन्होंने पड़ोसी देश बांग्लादेश के बिगड़ते हालात पर भी बात की। उन्होंने अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस को एक धर्मनिरपेक्ष नेता बताया। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी शरदचंद्र पवार (एनसीपीएससीपी) के प्रमुख ने कहा कि मोहम्मद यूनुस एक धर्मनिरपेक्ष नेता हैं और वह सुनिश्चित करेंगे कि देश में विभिन्न समुदायों के बीच कोई दरार न हो।बांग्लादेश में 1971 में देश की आजादी के लिए लड़ने वाले स्वतंत्रतता सेनानियों के लिए तय किए आरक्षण के खिलाफ जुलाई में विरोध प्रदर्शन शुरू हुए थे। धीरे-धीरे ये विरोध प्रदर्शन पूरे देश में फैल गए। हालात इतने बदतर हो गए कि शेख हसीना को देश छोड़कर भागना पड़ा। नई अंतरिम सरकार के गठन होने के बाद भी प्रदर्शनकारी सड़कों पर डटे हुए हैं। बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों को निशाना बनाया जा रहा है। देश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार के रूप में शपथ ली।

## हिंडनबर्ग रिपोर्ट पर भाजपा का हमला, रविशंकर प्रसाद बोले- यह आर्थिक अराजकता लाने की साजिश



उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर हिंडनबर्ग में किसका निवेश है? एक सज्जन जॉर्ज सोरोस जो नियमित रूप से भारत के खिलाफ प्रोपेगेंडा चलाते हैं। वे उसके मुख्य निवेशक हैं।हाल ही में जारी की गई हिंडनबर्ग रिपोर्ट पर भाजपा ने सवाल उठाए हैं। हिंडनबर्ग रिपोर्ट को लेकर भाजपा ने सवाल उठाए हैं। सोमवार को भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि यह भारत के लोगों की ओर से ठुकराए जाने के बाद कांग्रेस, उसके सहयोगी और टूलकिट गैंग की देश में आर्थिक अराजकता और अस्थिरता लाने की साजिश है।उन्होंने कहा कि हिंडनबर्ग रिपोर्ट शनिवार को जारी हुई तो रविवार को हंगामा हुआ। इसके बाद सोमवार को पूंजी बाजार अस्थिर हो गया। भारत शेयरों के मामले में सुरक्षित, स्थिर और आशावादी बाजार है। इस बाजार की निगरानी करना सेबी की कानूनी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि जुलाई में सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में हुई जांच के बाद जब सेबी ने हिंडनबर्ग को नोटिस जारी किया तो उसने अपना जवाब नहीं दिया। बल्कि बेबुनियाद हमला किया। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर हिंडनबर्ग में किसका निवेश है? एक सज्जन जॉर्ज सोरोस जो नियमित रूप से भारत के खिलाफ प्रोपेगेंडा चलाते हैं। वे उसके मुख्य निवेशक हैं। नरेंद्र मोदी के खिलाफ नफरत फैलाते हुए कांग्रेस भारत के खिलाफ नफरत पैदा कर ली है। अगर भारत का शेयर बाजार परेशान हो जाता है तो छोटे निवेशक परेशान होंगे। मगर कांग्रेस को इससे कोई सरोकार नहीं है। उन्होंने कहा कि राजनीति में एक है टूलकिट पॉलिटिक्स और दूसरी है चिट पॉलिटिक्स। परीक्षा में चिट मिलने पर कार्रवाई की जाती है। कांग्रेस चिट पॉलिटिक्स कर रही है। अब कांग्रेस पार्टी और उसके नेताओं को मिलने वाली चिटों का क्या किया जाना चाहिए? उन्होंने कहा कि वे पूरे शेयर बाजार को ध्वस्त करना चाहते हैं। छोटे निवेशकों के पूंजी निवेश को रोकना चाहते हैं और यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि भारत में कोई आर्थिक निवेश न हो।भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सीआर केसवन ने कहा कि हिंडनबर्ग रिपोर्ट बिना किसी विश्वसनीयता के जारी की गई है। यह सामान्य शूट एंड स्टूल किट जैसी है। कारण बताओ नोटिस का बदला लेने के लिए हिंडनबर्ग ने सेबी को निशाना बनाया है। साथ ही नोटिस से ध्यान भटकाने और झूठी कहानी गढ़ने का प्रयास किया है। केसवन ने कहा कि- जुलाई में सेबी प्रमुख ने हिंडनबर्ग को नोटिस जारी किया था। इसमें उनसे शेयर बाजार के नियमों का उल्लंघन करने को लेकर जवाब मांगा गया था। इसके एक महीने बाद हिंडनबर्ग ने कारण बताओ नोटिस के जवाब में एक निराधार रिपोर्ट जारी की। उन्होंने राहुल गांधी की तुलना ग्रेग चैपल से करते हुए कहा कि हिंडनबर्ग रिपोर्ट का सहारा लेकर कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन इंडिया हिट एंड रन की तरह काम कर रहा है। वह हमारे शेयर बाजार और नियामकों को बदनाम करने और वित्तीय प्रणाली को अस्थिर करने के लिए यह सब कर रहा है। उन्होंने अदाणी समूह की जांच को लेकर 2023 में सुप्रीम कोर्ट की ओर से सेबी को दिए गए आदेश का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने अदाणी समूह के मामले में एसआईटी जांच से इन्कार कर दिया था और सेबी की जांच को व्यापक बताते हुए भरोसा जताया था। सुप्रीम कोर्ट ने हिंडनबर्ग की गतिविधियों और आचरण की जांच करने के लिए भी सेबी को कहा था। इसके बाद सेबी ने कारण बताओ नोटिस दिया। इससे साफ है कि यह रिपोर्ट बदले की भावना से जारी कीइ गई है। कांग्रेस को लेकर सीआर केसवन ने कहा कि 2014 में हमारी अर्थव्यवस्था नाजुक थी। यूपीए सरकार ने एनपीए और क्रोनी कैपिटलिज्म को बढ़ावा दिया। इससे शेयर बाजार अस्थिर हुआ। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अर्थव्यवस्था सुधरी है। हम जल्द ही तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे। केसवन ने आरोप लगाया कि लोकसभा चुनाव में लगातार तीसरी बार जनता की ओर खारिज की गई कांग्रेस डर और दहशत पैदा करने की कोशिश कर रही है। लेकिन वह सफल नहीं होंगे। रिपोर्ट के कंधे पर बंदूक रखकर गोली चलाने को लेकर उन्होंने कांग्रेस पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि जब भी कोई रिपोर्ट आती है तो कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन उसके कंधे पर गोली क्यों चलाती है?ह्य

## ममता बनर्जी का पुलिस को अल्टीमेटम, बोलीं- रविवार तक आरोपी न पकड़े तो CBI को सौंपेंगे केस



सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि जब मुझे कोलकाता पुलिस कमिश्नर से घटना के बारे में पता चला, तो मैंने उनको तत्काल और तेज कार्रवाई करने के निर्देश दिए। मुझे समझ नहीं आ रहा है कि अस्पताल में नर्स थीं, सुरक्षा कर्मी थे तो यह घटना कैसे हुई। पुलिस ने मुझे बताया है कि अस्पताल के अंदर कोई था।कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में जूनियर डॉक्टर की हत्या के मामले में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममत बनर्जी ने बंगाल पुलिस को अल्टीमेटम दिया है। सोमवार को उन्होंने कहा कि पुलिस को आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश दिए गए हैं। अगर रविवार तक पुलिस मामले को नहीं सुलझा पाती है तो हम केस को सीबीआई को सौंप देंगे। सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि जब मुझे कोलकाता पुलिस कमिश्नर से घटना के बारे में पता चला, तो मैंने उनको तत्काल और तेज कार्रवाई करने के निर्देश दिए। मुझे समझ नहीं आ रहा है कि अस्पताल में नर्स थीं, सुरक्षा कर्मी थे तो यह घटना कैसे हुई। पुलिस ने मुझे बताया है कि अस्पताल के अंदर कोई था। उन्होंने कहा कि मामले में फास्ट ट्रैक कोर्ट स्थापित किया जाएगा। पुलिस, डॉग स्क्वायड, फॉरेंसिक विभाग और अन्य टीमें काम पर लगी हुई हैं। आरोपी को पकड़ने के लिए जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस रविवार तक मामले को निपटाने की कोशिश कर रही है। ऐसा न हुआ तो हम इस केस को अपने हाथ में नहीं रखेंगे। हम इसे सीबीआई को सौंप देंगे।

वहीं डीसीपी नॉर्थ अभिषेक गुप्ता का कहना है कि अस्पताल में प्रवेश करने वाले लोगों के नाम अब एक रजिस्टर में दर्ज किए जाएंगे। कोई भी अवांछित व्यक्ति अस्पताल में प्रवेश नहीं करेगा। डॉक्टरों ने सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है। अस्पताल के चारों ओर गार्डों को पहचान पत्र दिए गए हैं जिन्हें वे हमेशा ड्यूटी पर पहनेंगे। क्या है पूरा मामला - आरजी कर मेडिकल कॉलेज-अस्पताल में जूनियर डॉक्टर के साथ दरिंदगी की घटना गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात की है। मृतक मेडिकल कॉलेज में चेस्ट मेडिसिन विभाग की स्नातकोत्तर द्वितीय वर्ष की छात्रा और प्रशिक्षु डॉक्टर थीं। गुरुवार को अपनी ड्यूटी पूरी करने के बाद रात के 12 बजे उसने अपने दोस्तों के साथ डिनर किया। इसके बाद से महिला डॉक्टर का कोई पता नहीं चला। शुक्रवार सुबह उस वक्त मेडिकल कॉलेज में हड़कंप मच गया जब चौथी मंजिल के सेमिनार हॉल से अर्ध नग्न अवस्था में डॉक्टर का शव बरामद हुआ। घटनास्थल से मृतक का मोबाइल फोन और लैपटॉप बरामद किया गया। पोस्टमॉर्टम की शुरुआती रिपोर्ट से पता चला है कि महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म की घटना हुई थी। जूनियर महिला डॉक्टर का शव गद्दे पर पड़ा हुआ था और गद्दे पर खून के धब्बे मिले। शुरुआती पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बताया गया है कि मृतक महिला डॉक्टर के मुंह और दोनों आंखों पर था। गुप्तांगों पर खून के निशान और चेहरे पर नाखून के निशान पाए गए। होठ, गर्दन, पेट, बाएं टखने और दाहिने हाथ की उंगली पर चोट के निशान थे। वहीं महिला डॉक्टर की हत्या के बाद मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर और छात्र सड़क पर उतरकर लगातार विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इस पूरे मामले की मजिस्ट्रेट जांच की मांग को लेकर जूनियर डॉक्टर्स, प्रशिक्षु और स्नातकोत्तर प्रशिक्षु हड़ताल पर हैं। इस भयावह घटना के बाद आरजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल के प्रिंसिपल ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है।

## संपादकीय Editorial

### Day of Medal Warriors

Indian Hockey Zindabad! Hockey Warriors Zindabad!! Salute again and again to the greatest goalkeeper PR Sreejesh!!! Our hockey team has once again won the Olympic bronze medal by defeating Spain 2-1. This is an international and national honour, a matter of pride, because after 1972, such moments have come that India has won two consecutive Olympic medals in hockey. Hockey India had also won the bronze medal in Tokyo Olympics. This bronze is 'gold' for India, because our warriors have defeated a legendary team like Australia. This has also become possible now after 1972. India had to play with only 10 players against the world's number two team Britain. We did not lose even then. The game went to penalty shootout, where Sreejesh did not let any goals be scored by becoming a 'wall' and India defeated Britain. We saw the British players crying on the field. Then in the bronze medal match, they defeated Spain, which had defeated the world number one and Tokyo Olympics champion Belgium. Sreejesh saved 9 penalty corners in the match against Spain. The number of goals Sreejesh saved during the entire tournament and his contribution in bringing the team to the threshold of the bronze medal is indescribable. Now Sreejesh's 'zero' will continue to be felt in Indian hockey. It will take time to prepare his replacement. This Olympic victory and bronze medal have been dedicated to Sreejesh. Fellow players have given him an emotional farewell by carrying him on their shoulders. Sreejesh himself has announced that his decision to retire is firm and final. However, now after winning the Olympic medal, the question arises whether the good, old and strong days of Indian hockey are returning? Are we in the phase of reviving our golden and invincible legacy? Prime Minister Modi, while congratulating the captain 'Sarpanch Sahab' (Harmanpreet), has expressed hope that hockey will come alive once again. Efforts should be made for that. Future generations will remember this victory.'' Certainly, Indian hockey is changing. Now we are the 3rd or 4th ranked team in the world. This is India's eternal and national sport. When an average child starts playing, he has a stick in his hand, which transforms into hockey with time. That is why India has an inner attachment to hockey. It is a sport of children from poor and average families. For a long time, there was neither enough money for hockey, nor sponsorship from big companies, nor respectable government jobs. Cricket is a very rich sport compared to hockey. Anyway, times have changed now, but there was a time when the hockey team used to return empty-handed from various matches. European hockey was becoming stronger, the Indian style was becoming irrelevant, but now good days are returning as Hockey India is defeating all the big teams. Now no one is 'invincible'. Since today is the day of the Indian warriors who have won Olympic medals for India, we cannot forget Neeraj Chopra today. He was the 'Golden Champion' of Tokyo Olympics. He could not repeat that success in Paris, but he has definitely won a silver medal for the country by throwing the javelin to a distance of 89.45 meters. This is his second best performance. For us, this silver is like gold, because Neeraj is the world champion in this sport, Diamond League champion, Asian champion. The nature of sports is very flexible, but he is the first Indian athlete to win two consecutive Olympic medals, while he has also joined the list of PV Sindhu, Sushil Kumar and Manu Bhaker. The gold medal in this sport was won by Arshad Nadeem of Pakistan. He threw the javelin to a distance of 92.97 meters. Touching the threshold of 90 meters has remained a challenge for Neeraj till now. This time falling behind can teach Neeraj a new lesson .

## Minorities in Bangladesh: Appeal for security and justice in an atmosphere of fear and anxiety, Cricket Board seeks help from the army

Two US lawmakers of Indian origin, Raja Krishnamurthy and Shri Thanedar, have demanded US intervention to stop the attacks on Hindus in Bangladesh. Thanedar said in a letter to Foreign Minister Antony Blinken that he is not alone against the atrocities being committed against Hindus in Bangladesh. Minority communities, including Hindus, are being targeted since the fall of the Sheikh Hasina government in Bangladesh. Two Hindu groups have written a letter to interim government chief Mohammad Yunus and informed that minorities have faced at least 25 attacks in 52 districts. The organizations have demanded security. On the other hand, lakhs of Hindus demonstrated in the capital Dhaka on Saturday in protest against the attacks on minorities. Bangladesh Hindu Buddhist Christian Unity Council and Bangladesh Puja Udyapan Parishad, in an Yunus, have demanded the minorities and security. Nirmal the Ekta Parishad, said that we very bad condition. He urged priority and end the violence. The Council General Secretary Rana President Basudev Dhar. In the age leader, who is born out of the and whose aim is to establish an lawmakers demanded Two US lawmakers of Indian Thanedar, have demanded US Hindus in Bangladesh. Thanedar Antony Blinken that he is not



open letter to 84-year-old Muhammad presentation of statistics of attacks on Rosario, one of the three presidents of want security because our lives are in Yunus to resolve this crisis with top letter is signed by Hindu Buddhist Dasgupta and Puja Udjapan Parishad letter, Yunus was welcomed as a new movement of students and the public egalitarian society and reform. US intervention from the government - origin, Raja Krishnamurthy and Shri intervention to stop the attack on said in a letter to Secretary of State alone against the atrocities being committed against Hindus in Bangladesh. At the same time, Krishnamurthy said - Now that Muhammad Yunus has taken oath as the chief advisor of the interim government, it is extremely important that America works to end the violence. Bangladesh Cricket Board sought help from the army- Bangladesh Cricket Board has sought security from the Army Chief for the Women's T20 World Cup to be held between 3-20 October. The board has written a letter to the Army Chief in this regard. All the matches are to be held in two cities - Sylhet and Mirpur. Many Hindu temples were targeted - According to Hindu community leaders, many Hindu temples have been targeted since the fall of the Hasina government on August 5. Houses of minorities, especially Hindus, have been attacked and vandalized. Women have also been attacked. Widespread fear, anxiety and uncertainty among minorities - The letter written by Hindu organizations said that when the victory of the people is moving towards its destination, we are watching with sadness and heavy heart that a selfish class is conspiring to tarnish this achievement by committing brutal violence against minority communities. Due to communal violence, there is widespread fear, anxiety and uncertainty among minorities in Bangladesh and as a result it has been condemned internationally as well. Citing the media report, both the organizations have demanded immediate end to this situation. Ekta Parishad presidium member Kajal Devnath said, those who attacked the minorities should be brought to justice.

## The US court's decision on Google will further tighten the grip of the Competition Commission, will provide a basis for making strict rules

In India, cases against Google are pending in the CCI and the draft of the Digital Competition Bill has been circulated only a few months ago. While the CCI is still hesitant to give a verdict against Google. The landmark decision of the US court against the antitrust practices of the world's giant search engine Google has created ground implications for competition regulators, policymakers in India. In this pioneering decision, US District Judge Washington DC Amit Mehta has described Google as a monopolist. Now the Competition Commission can tighten its grip on Google in India with media organizations to opaque internet sector, these big US tech scrutiny in India. However, recently fronts. In India, cases against of the Digital Competition Bill has the CCI is still hesitant to give a Competition Bill of the Ministry of include anti-trust measures for Information and Broadcasting momentum after the decision of the Google this year - CCI has started




too. From unfair practices in sharing revenue operations and undue influence in India's companies have come under increasing things have moved a little slow on many Google are pending in the CCI and the draft been circulated only a few months ago. While verdict against Google. The draft Digital Corporate Affairs almost ignores the need to digital media. It says that the Ministry of should consider it. But it is expected to gain US court. CCI started investigation against investigation against Google after complaints of serious antitrust practices filed by the Digital News Publishers Association (DNPA) and the Indian Newspaper Association (INA) in India earlier this year. Later, India's News Broadcasters and Digital Association (NBDA) also took Google to task and filed a complaint with the CCI. There will be a change in the global fight against the wrong practices of Big Tech companies - The decision of the US judge declaring Google a monopolist will bring a big change in the global fight against the antitrust practices of the world's Big Tech companies. Google is the biggest benchmark of these antitrust practices and market dominance. Judge Mehta said that Google has violated Section 2 of the Sherman Act, which confirms the illegal monopoly of this tech giant on search services and related advertising. - Now there is pressure on Indian regulatory bodies to show their strength. They have to show that a country with a population of 140 crores has the ability to make the global multinational monopoly more transparent and fair. Digital news media has been accusing of manipulation Indian digital companies, including digital news media, have also been accusing Google search engine of manipulating online traffic. It is also alleged that Google is not transparent in sharing information about advertising revenue. Companies say that even though many of them have entered into revenue sharing agreements with Google, those agreements are under compulsion and these agreements are not fair. Digital India Act also in cold storage - The Ministry of Electronics and IT has been working on the Digital India Act for the last few years, while the Ministry of Corporate Affairs prepared its own draft Digital Competition Bill. However, it failed to address the basic demand of digital news publishers and ignored the successful and reliable tool of pre-bargaining code. Google's dominance in statistics: Google has control over 90% of the online search market. 95% of searches are done on Google on smartphones. 40% of the online advertising revenue is also controlled by the market. It says that the Ministry of Information and Broadcasting should consider it. But it is expected to gain momentum after the decision of the US court. CCI started investigation against Google this year - CCI has started investigation against Google after complaints of serious antitrust practices filed by the Digital News Publishers Association (DNPA) and the Indian Newspaper Association (INA) in India earlier this year. Later, India's News Broadcasters and Digital Association (NBDA) also took Google to task and filed a complaint with the CCI. There will be a change in the global fight against the wrong practices of Big Tech companies - The decision of the US judge declaring Google a monopolist will bring a big change in the global fight against the antitrust practices of the world's Big Tech companies. Google is the biggest benchmark of these antitrust practices and market dominance. Judge Mehta said that Google has violated Section 2 of the Sherman Act, which confirms the illegal monopoly of this tech giant on search services and related advertising. - Now there is pressure on Indian regulatory bodies to show their strength. They have to show that a country with a population of 140 crores has the ability to make the global multinational monopoly more transparent and fair. Digital news media has been accusing of manipulation Indian digital companies, including digital news media, have also been accusing Google search engine of manipulating online traffic. It is also alleged that Google is not transparent in sharing information about advertising revenue. Companies say that even though many of them have entered into revenue sharing agreements with Google, those agreements are under compulsion and these agreements are not fair. Digital India Act also in cold storage - The Ministry of Electronics and IT has been working on the Digital India Act for the last few years, while the Ministry of Corporate Affairs prepared its own draft Digital Competition Bill. However, it failed to address the basic demand of digital news publishers and ignored the successful and reliable tool of pre-bargaining code. Google's dominance in statistics: Google has control over 90% of the online search market. 95% of searches are done on Google on smartphones. 40% of the online advertising revenue is also controlled by the market.It says that the Ministry of Information and Broadcasting should consider it. But it is expected to gain momentum after the decision of the US court. CCI started investigation against Google this year - CCI has started investigation against Google after complaints of serious antitrust practices filed.

### सावन के चौथे सोमवार को शिवभक्तों ने किया जलाभिषेक, गूंजे भगवान भोलेनाथ के जयकारे

# तड़के से मंदिरों के बाहर लगी लंबी लाइन, हरिद्वार और बृजघाट के पवित्र गंगाजल से कांवड़ियों ने किया अभिषेक

मुरादाबाद, सावन के चौथे सोमवार को महानगर का माहौल भक्तिमय हो गया। चारों हर भगवान भोलेनाथ के जयकारे गूंजे। शिवालय भगवा रंग में पूरी तरह रंग गए। मंदिरों के बाहर पूजन सामग्री के लिए अस्थाई दुकानें सजाई गई। चौथे सोमवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शिवालयों में जलाभिषेक किया। जलाभिषेक के लिए रात तीन बजे से ही मंदिरों में लंबी लाइन लग गई। भक्ति भाव में डूबे श्रद्धालुओं ने घंटों लाइन में लगकर विधि विधान से पूजा अर्चना की और उपवास रखा। ब्रजघाट व हरिद्वार से गंगा जल लेकर आए कांवड़ियों ने मंत्रोच्चारण के साथ जलाभिषेक किया। मंदिर के पुजारियों ने कांवड़ियों के लिए गंगा जल से शिव का अभिषेक कराने को विशेष व्यवस्था की।हरथला कालोनी स्थित मनोकामना मंदिर, रामगंगा विहार स्थित शिव शक्ति मंदिर, नया मुरादाबाद स्थित महाकालेश्वर मंदिर, झांझनपुर स्थित प्राचीन शिव मंदिर, खुशहालपुर स्थित ऋणमुक्तेश्वर मंदिर, आशियाना स्थित ढाब वाला मंदिर, चाऊ की बस्ती में श्री शिव मंदिर, आवास विकास में सत्य शिव मंदिर, पुलिस लाइन मंदिर, पीतल बस्ती, कटघर समेत, डिप्टी गंज, बगला गांव, जिगर कालोनी, नवीन नगर समेत महानगर के सभी मंदिरों में शिवलिंग का जलाभिषेक हुआ। इस दौरान मंदिर परिसर हर-हर महादेव उद्घोष से गूंज उठे। ओम नमःशिवाय के मंत्रोचारण के साथ शिव की उपासना हुई। दोपहर तक शिव मंदिरों में भीड़ रही। भक्तों ने बेल पत्र, दूध दही, भांग, फल, फूल से जलाभिषेक किया। शाम को भगवान शिव को मंत्रोचारण के साथ भोग लगाया और फिर स्वंय ग्रहण किया।



# मुरादाबाद की सड़कों पर कांवड़ियों का रेला

दिल्ली हाईवे और कांठ रोड रविवार तड़के से ही शिवमय हो गए। भोलेनाथ के भक्त हरिद्वार और बृजघाट से पवित्र गंगा जल लेकर लौट रहे थे। इस दौरान कांवड़िए डीजे की धुन पर भोलेनाथ के भजनों पर नाचते गाते अपने गंतव्य की ओर बढ़ते रहे। कांवड़ियों की सेवा के लिए महानगर में जगह-जगह शिविर लगाए गए। उधर, पुलिस प्रशासन भी इस दौरान मुस्तैद रहा। आलाधिकारी पल-पल की जानकारी लेते रहे। रविवार को कांवड़िए बृजघाट से पवित्र गंगाजल लेकर दिल्ली हाईवे से होते हुए महानगर पहुंचे। इस दौरान हाईवे भगवा रंग में डूबा रहा। पाकबड़ा से फव्वारा चौके तक कांवड़ियों की भारी भीड़ रही। दिल्ली रोड को कांवड़ियों के स्वागत के लिए सजाया गया। मझोला थाना से चौधरी चरण सिंह चौक तक एक तरफ काफी संख्या में शिविर लगाए गए जिनमें लोग शिवभक्तों की सेवा में लगे रहे। कांवड़ बेड़े में शामिल भगवान भोलेनाथ की विभिन्न झांकियां भी लोगों के आकर्षण का केंद्र रहीं।महानगर के अधिकांश कांवड़िए बृजघाट से पवित्र गंगाजल लेकर आए हैं उन्होंने आज सावन के चौथे सोमवार को शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। महानगर के कांवड़िए सतीश ने कहा कि वह हर बार बाबा के नाम की कांवड़ लेकर आते हैं। कांवड़ लाने का अलग ही अनुभूति है। आकर्षक झांकियों ने मोहा मन- कांवड़ यात्रा में शिवभक्तों द्वारा विभिन्न आकर्षक झांकियां भी शामिल की गई। जो लोगों के आकर्षण का केंद्र रही। इनमें शंकर-पार्वती, भगवान भोलेनाथ के गण आदि बने भक्तों ने लोगों का मन मोह लिया। जिससे कांठ रोड का माहौल भक्तिमय बना रहा। झांकियों का श्रद्धालुओं ने जगह-जगह स्वागत किया।डमरू वाले बाबा तेरी लीला है न्यारी... दिल्ली रोड के साथ कांठ रोड पर भी भोले बाबा के भजनों की धूम रहीं। बरेली, रामपुर, मिलक, संभल, बिलारी समेत अन्य शहरों के कांवड़िए हरिद्वार से कांवड़ में गंगाजल लेकर कांठ रोड से गुजरे। तड़के से ही कांठ रोड पर कांवड़ियों के बेड़े गुजरते रहे। कांवड़िए डीजे की धुन पर भोलेनाथ के भजनों के साथ अपने गंतव्य की ओर बढ़ते रहे। पूरा दिन यह सिलसिला चलता है।एक से एक बढ़कर रही डीजे की धुन- कांवड़ यात्रा में डीजे की धुन सबसे निराली रहीं। दिल्ली रोड हो या कांठ रोड कांवड़ियों डीजे पर नाचते गाते अपने गंतव्य की ओर बढ़ते रहे। हरथला निवासी रोहताश ने कहा कि उन्हें डीजे के बिना यात्रा में आनंद नहीं आता। कमेटी के साथ मिलकर हमने हरि डीजे 50 हजार रुपये में किया था। जिसे हम बृजघाट लेकर गए। जगह-जगह डीजे पर भगवान भोलेनाथ के भजन बजते रहे।रविवार को हाईवे पर कांवड़ियों को सैलाब उमड़ पड़ा। शिवभक्तों को भीड़ को देखते हुए यातायात पुलिस ने रविवार सुबह से हाईवे पर छोटे-बड़े वाहनों पर प्रतिबंध लगा दिया। सभी प्रकार के वाहनों को वैकल्पिक मार्गों से निकाला गया। निर्धारित रास्तों पर दिनभर वाहन रेंगते रहे। ऐसे में लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। ऐसे में सोमवार शाम तक यातायात व्यवस्था सामान्य होने की संभावना है। कांवड़ियों की भीड़ को देखते हुए यातायात पुलिस ने कांठ रोड को वन-वे किया है। ऐसे में एक लाइन पर वाहनों की आवाजाही में लोगों को काफी दिक्कत -सामना करना पड़ा। वन-वे पर दिनभर जाम की स्थिति बनी रही। घंटों तक लोग फंसे रहे। 19 के बाद सामान्य होगी यातायात व्यवस्था- सावन माह में परंपरागत कांवड़ यात्रा को लेकर यातायात पुलिस ने मार्गों में बदलाव किया है। 22 जुलाई से 19 अगस्त तक रूट डायवर्जन प्लान बनाया गया है। इसमें हर सोमवार को अलग-अलग प्रमुख मंदिरों में जलाभिषेक के लिए कांवड़ियों की संख्या देखते हुए पुलिस मार्गों में बदलाव कर रही है। साथ ही यातायात पुलिस ने रविवार और सोमवार को जरूरी काम से ही घर से बाहर निकलने की अपील की है। 19 अगस्त के बाद यातायात व्यवस्था पहले की तरह की सामान्य हो जाएगी।









# इंसान को इंसान मिटाने पे तुला है, यह कैसा अजब खेल जमाने में चला है...

मुरादाबाद- जीलाल स्ट्रीट मंडी चौक स्थित साहित्यिक मुरादाबाद शोधालय भवन में साहित्यिक मिलन कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. मनोज रस्तोगी को अक्षरा साहित्य साधक सम्मान से सम्मानित किया गया। उन्हें अंगवस्त्र और सम्मान पत्र दिया गया। साहित्यकारों ने कहा कि शोधालय के माध्यम से डॉ. रस्तोगी ने मुरादाबाद की दुर्लभ प्राचीन साहित्यिक कृतियों का संरक्षण और देश-विदेश में उनका प्रसार-प्रचार कर अनूठा कार्य किया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रख्यात शायर व जिगर फाउंडेशन के अध्यक्ष मंसूर उस्मानी ने किया। उन्होंने काव्य गोष्ठी में अपनी रचना सुनाई... दुश्मनी के लिए सोचना है गलत, देर तक सोचिए दोस्ती के लिए, जिस सदी में वफा का चलन ही नहीं, हम बनाए गए उस सदी के लिए। गीत गजल सोसाइटी के संस्थापक वरिष्ठ शायर डॉ मुजाहिद फराज ने आजादी-ए-गुलशन को जमाना हुआ लेकिन, जहनों से गुलामी की यह काई नहीं जाती सुनाई। कार्यक्रम संयोजक डॉ. मनोज रस्तोगी ने वर्तमान स्थितियों का चित्रण कर अपनी रचना कुछ यूं सुनाई बारिश में खूब नहाना भूल गये बच्चे, कागज की नाव बनाना भूल गये बच्चे। साहित्यिक संस्था अक्षरा के संयोजक व वरिष्ठ नवगीतकार योगेन्द्र वर्मा व्योम ने पिछला सब कुछ भूल जा, मत कर गीली कोर, कदम बढ़ा फिर जोश से, नई सुबह की ओर, आंखों से बहने लगी, मूक-बधिर सी धार, जब यादों की चिट्ठियां पहुंची मन के द्वार से वाहवाही पाई। कार्यक्रम का संचालन उर्दू साहित्य शोध केंद्र के संस्थापक डॉ. मुहम्मद आसिफ हुसैन ने किया। उन्होंने शहर की साहित्यिक विरासत के संरक्षण की जरूरत पर जोर दिया। ऑल इंडिया खानकाही एकता मिशन के प्रवक्ता और उत्तर प्रदेश उर्दू एकेडमी के पूर्व सदस्य सैयद मुहम्मद हाशिम कुद्दूसी ने इंसान को इंसान मिटाने पे तुला है, यह कैसा अजब खेल जमाने में चला है...से अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। युवा शायर जिया जमीर ने ख़ाक थे कहकशां के थे ही नहीं, हम किसी आस्मां के थे ही नहीं और राजीव प्रखर ने मैंने तेरी याद में, ओ मेरे मनमीत, पूजाघर में रख दिए, रचकर अनगिन गीत, फरहत अली खान ने चलो झगड़े पुराने ख़त्म कर लें, नए पौधे पनपना चाहते हैं सुनाया। आभार शिखा रस्तोगी ने व्यक्त किया।



## संक्षिप्त समाचार


### जमीन का सौदा तय करके दस लाख रुपये हड़पे, जांच में जुटी पुलिस

**डीआईजी के आदेश पर पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज**

मुरादाबाद, सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने धोखाधड़ी से जमीन का सौदा तय करके 10 लाख रुपये हड़प लिए। इसके बाद भूमि किसी और को बेच दी। पैसे वापस मांगने पर पीड़ित को धमकाने लगा। डीआईजी के आदेश पर पुलिस ने पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना क्षेत्र के हरथला निवासी खेम सिंह ने दी तहरीर में बताया कि थाना क्षेत्र के पीरजादा निवासी शाकिर से नवंबर 2023 में चार बीघा जमीन का 14 लाख रुपये में तय हुआ था। इसी दौरान पीड़ित ने सात माह में बैनामा कराने का एक एग्रीमेंट करा लिया और कई बार में दस लाख रुपये दे दिए। सात माह पूरे होने के बाद पीड़ित ने बैनामा उसके नाम करने के लिए कहा। इस पर शाकिर पूरे पैसों की मांग करने लगा। इस बीच पीड़ित को पता चला कि जिस जमीन का सौदा तय हुआ है वह भूमि शाकिर ने ज्यादा मुनाफे के लिए किसी और को बेच दी। इस पर पीड़ित ने पैसे वापस मांगे तो वह टालमटोल करने लगा। आरोप है कि 10 जून को समीर, यासीन, नसीम जबरन घर में घुस गए और पीड़ित के परिजनों से मारपीट की, साथ ही धमकी दी कि झूठे केस में फंसाकर जेल भिजवा देंगे। बाद में आसपास के लोगों के आने पर आरोपी भाग गए। पीड़ित की शिकायत पर डीआईजी मुनिराज जी ने शाकिर, समीर, यासीन, नसीम और निशा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने का आदेश दिया है। थाना प्रभारी मनीष सक्सेना ने बताया कि मामले में पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### कुएं में मिला अधिवक्ता का शव, हत्या की आशंका...मामले की जांच में जुटी पुलिस

मुरादाबाद- थाना मझोला इलाके में एक कुएं से वरिष्ठ अधिवक्ता की बॉडी मिलने से हड़कंप मचा गया। वे कल शाम से लापता थे, जिनकी गुमशुदगी भी थाने में दर्ज कराई गई थी। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। दरअसल, मुरादाबाद की जिगर कॉलोनी के रहने वाले सीनियर अधिवक्ता शौकीन रविवार शाम अपनी स्कूटी पर सवार होकर घर से निकले थे और देर रात तक जब वे घर वापस नहीं लोटे तो उनके बेटे ने लोकेशन के आधार पर थाना मझोला पुलिस को पिता के लापता होने की सूचना दी। सोमवार सुबह लाकड़ी स्थित जंगल में एक कुएं से उनकी गोली लगी बॉडी बरामद की गई है। मौके पर पहुंची पुलिस और अधिकारियों की मौजूदगी में एफएसएल टीम ने साक्ष्य एकत्र किए और शव को कुएं से निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। एसपी सिटी के अनुसार, इस हत्याकांड का खुलासा करने के लिए तीन टीमें बना कर जांच शुरू कर दी है।हर एंगल से जांच की जा रही है।



KYUN NA LIKHUN SACH
हिंदी अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
को आवश्यकता है उत्तर प्रदेश .
उत्तराखंड मध्य प्रदेश ,दिल्ली
,बिहार पंजाब छतीसगढ़ राजस्थान
आदि सभी राज्यों से रिपोर्टर,जिला
ब्यूरो विज्ञापन प्रतिनिधि की
सम्पर्क करे-9027776991

**क्यूँ न लिखूँ सच**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश ( Birthday, anniversary, any kind of message ) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए सम्पर्क करे- 9027776991

# थाने से दिनदहाड़े भागा चोर... यूं पार कर गया जिले की सीमा, पुलिस की आंखों तक न पाई; यहां से धरा गया

सुहागनगरी में थाने से दिनदहाड़े भागा चोर थाना ही नहीं अपने जिले की सीमा भी पार कर गया। पुलिस ने उसे मैनपुरी जिले से गिरफ्तार किया है। उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद में शौच के बहाने मोबाइल चोरी का आरोपी लाइनपार थाने से रविवार सुबह होमगार्ड को धक्का देकर भाग गया था। रविवार देर रात ही उसे मैनपुरी से गिरफ्तार किया गया है। मामले में विभागीय जांच कराई जा रही है। दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की बात अफसरों ने कही है। शिकोहाबाद थाना क्षेत्र के गांव डाहिनी निवासी शांति देवी ने लाइन पार थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। बताया कि सौरभ रामनगर मार्केट से आ रहा था। तभी घर के पास योगेश निवासी नगला विष्णु ने उसकी जेब से मोबाइल चुरा लिया था। पुलिस ने दर्ज मुकदमा के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार किया था। पुलिस मोबाइल चोरी के आरोपी को थाने लाकर पूछताछ कर रही थी। पुलिस ने पूछताछ करने के बाद उसे बैठा दिया था।रविवार सुबह आरोपी ने शौच आने की बात कही। तभी उसे शौच के लिए ले जाया जा रहा था। उस समय उसके हाथ खुले हुए थे। हाथ खुला देखकर वह मौका पाकर थाने से भाग निकला। कई पुलिसकर्मियों ने उसका पीछा भी किया, लेकिन वह किसी के हाथ नहीं आ सका। जानकारी पर थानेदार की नींद उड़ गई। उन्होंने मामले की जानकारी उच्चाधिकारियों को दी। इसके बाद पुलिस टीमों का गठन किया गया। आरोपी की तलाश में कई स्थानों पर दबिश दी गईं। पुलिस ने रविवार देर रात आरोपी को मैनपुरी से गिरफ्तार किया है। दोषी पुलिसकर्मियों की विभागीय जांच कराई जा रही है। थाने से भागने वाले मोबाइल चोरी के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। वह शौच के बहाने हाथ छुड़ाकर भाग गया था। इसके अलावा लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मियों की विभागीय जांच कराई जा रही है। जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। -सर्वेश कुमार मिश्र, एसपी सिटी

# पोते को पकड़ने घर आई पुलिस, सदमे में दादी की मौत; थाना प्रभारी बोले- बीमार थी, डॉक्टरों ने बताया कुछ और

खुर्जा कोतवाली प्रभारी राजपाल तोमर ने बताया कि साहिल का कुछ युवकों से झगड़ा हो गया था। इसी संबंध में पुलिस पूछताछ करने गई थी। वृद्धा की तबीयत पहले से खराब चल रही थी।यूपी के



खुर्जा स्थित विमला नगर कॉलोनी में पोते को पकड़ने गई पुलिस के बाद सदमे में आकर दादी की मौत हो गई। वहीं इसके बाद पुलिस ने पोते से पूछताछ करके उसको छोड़ दिया। मामले में परिजनों की ओर से कोई शिकायत नहीं दी गई है, मगर अन्य लोग इसमें पुलिस की लापरवाही बता रहे हैं।खुर्जा जंक्शन चौकी क्षेत्र के विमला नगर कॉलोनी निवासी लोगों ने बताया कि कॉलोनी में रहने वाले साहिल का रविवार शाम को रेलवे स्टेशन के पास अन्य युवकों से झगड़ा हो गया था। इसके बाद साहिल अपने घर आ गया। वहीं दूसरे पक्ष ने 112 नंबर पर पुलिस को झगड़े की सूचना दी। रात को सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और और साहिल को पकड़ने उसके घर चली गई। जहां पर साहिल की दादी सोमा देवी ( 70 ) ने दरवाजा खोला। पुलिस को देख सोमा देवी परेशान हो गई और घर आने का कारण पूछा। पुलिस ने साहिल के बारे में पूछताछ की और उसको बाहर बुलाने के लिए बोला। इसी बात को लेकर परिवार के सभी लोग वहां आ गए। तभी सोमा देवी की तबीयत बिगड़ी और वह बेहोश हो कर गिर गई। परिजन उनको खुर्जा के जटिया अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने सोमा देवी को मृत घोषित कर दिया। इसमें वृद्धा की मौत का कारण हृदय घात बताया गया। मामले में परिजन कुछ भी कहने को तैयार नहीं हैं। खुर्जा कोतवाली प्रभारी राजपाल तोमर ने बताया कि साहिल का कुछ युवकों से झगड़ा हो गया था। इसी संबंध में पुलिस पूछताछ करने गई थी। वृद्धा की तबीयत पहले से खराब चल रही थी। इसी कारण उनकी मौत हो गई है।

# दोस्त के घर में किया दुष्कर्म, विरोध पर युवती को ओवरब्रिज से फेंका, जिला अस्पताल में भर्ती

एक युवक ने दोस्त के घर पर युवती से दुष्कर्म किया। विरोध करने पर उसे ओवरब्रिज से फेंक दिया। युवती के पैर में चोट आई है। गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मां की तहरीर पर आरोपी और दर्ज की गई है।नाना के घर युवक ने दोस्त के घर में कर मां से बताने की बात फेंक दिया। इससे युवती जिला अस्पताल में भर्ती आरोपी और उसके मित्र के ली। पुलिस ने दोनों लिया है। मध्य प्रदेश के क्षेत्र के एक गांव की रहने



उसके दोस्त के खिलाफ रिपोर्ट आई युवती से मोहल्ले के एक दुष्कर्म किया। युवती ने विरोध कही तो उसे ओवरब्रिज से नीचे गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे कराया है। मां की तहरीर पर खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर छतरपुर जिले के गौरिहार थाना वाली 21 वर्षीय युवती मां के साथ बांदा शहर के मोहल्ले में नाना के घर में 15 दिन पहले रहने आई थी। मोहल्ले में ही नरैनी कस्बे का 20 वर्षीय छोटू वर्मा उर्फ सलमान भी रहता था। वह युवती से परिचित था। रविवार की रात युवती को बहला अपने साथ ई रिक्शे से दोस्त के घर बाबूलाल चौराहा ले गया। वहां दोस्त 21 वर्षीय सुशील वर्मा के कमरे में युवती से दुष्कर्म किया। युवती ने विरोध किया तो उसे जान से मारने की धमकी दी।वह युवती को सोमवार की सुबह घर छोड़ने आ रहा था। कालूकुआं ओवरब्रिज पर युवती की आरोपी से कहासुनी हो गई। इस पर आरोपी छोटू उर्फ सलमान ने उसे ओवरब्रिज से धक्का देकर नीचे फेंक दिया। राहगीरों की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर युवती को एंबुलेंस से जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। उसके पैर में चोट आई है। उधर, मां की तहरीर पर दुष्कर्म के आरोपी छोटू वर्मा व उसके दोस्त सुशील वर्मा के खिलाफ दुष्कर्म व जान से मारने की कोशिश का मुकदमा दर्ज किया है। दोनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। ओवरब्रिज से युवती के गिरने की सूचना मिली थी। पुलिस ने घायल युवती को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। युवती ने अपने पूर्व परिचित पर दोस्त के घर ले जाकर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। मां की तहरीर पर दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। युवती का इलाज कराया जा रहा है। - अंकुर अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक, बांदा

# राहुल गांधी के खिलाफ दायर केस में टली सुनवाई, अवकाश पर रहे एमपीएमएलए की विशेष कोर्ट के मजिस्ट्रेट

गृहमंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्प्णी मामले में सुल्तानपुर की एमपीएमएलए कोर्ट में सुनवाई नहीं हो सकी। सुनवाई के लिए अगली तारीख 23 अगस्त तय की गई है। गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष दायर मानहानि केस में पाई। एमपी-एमएलए की शुभम वर्मा के अवकाश पर सुनवाई के लिए 23 अगस्त है।कांग्रेस नेता राहुल गांधी बैंक के पूर्व चेयरमैन व चार अगस्त 2018 को



टिप्पणी करने के मामले में राहुल गांधी के खिलाफ सोमवार को सुनवाई नहीं हो विशेष कोर्ट के मजिस्ट्रेट रहने के कारण अगली की तिथि नियत की गई के खिलाफ जिला सहकारी भाजपा नेता विजय मिश्र ने परिवाद दायर किया था। उनका आरोप है कि राहुल गांधी ने 15 जुलाई 2018 को कर्नाटक विधानसभा चुनाव के दौरान बंगलुरू में गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इससे उनकी भावनाएं आहत हुई।20 फरवरी 2024 को राहुल गांधी ने कोर्ट में हाजिर होकर अपनी जमानत कराई थी और 26 जुलाई को उनका बयान दर्ज किया गया था। सोमवार को मामले में सुनवाई होनी थी लेकिन पीठासीन अधिकारी के अवकाश पर रहने के कारण सुनवाई टल गई। अगली तिथि 23 अगस्त नियत की गई है

# धरती मां के बगैर हम एक पल भी जि़ंदा नहीं रह सकते हैं :मा0 वन मंत्री श्री के0पी0 मलिक जी

क्यूँ न लिखूँ सच -राकेश गुप्ता

शामली। वेट्लैन्ड वृक्षारोपण-2024, पेड़ लगाओ- पेड़ बचाओ स्थल-मामौर झील,तहसील कैराना,जनपद शामली में वन विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचकर श्री के0पी0 मलिक जी,मा0 राज्य मंत्री,वन,पर्यावरण,जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन विभाग,उ0प्र0 द्वारा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आने वाले कल और भविष्य को देखते हुए आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने एक बड़ा आह्वान किया है एक पेड़ मां के नाम, इसके साथ मा0 मंत्री जी ने निवेदन किया कि आप एक पेड़ के साथ एक मां के साथ दो मां का जिक्र करें एक वो मां जो जन्म देने का काम करती है एक वो है धरती मां जो जीवन देने का काम करती है उस जीवन देने वाली मां की फिक्र करें। मा0 मंत्री जी ने कहा कि जो मां जन्म देती है उसके बगैर हम कुछ समय जिंदा रह सकते हैं पर धरती मां के बगैर हम एक पल भी जि़ंदा नहीं रह सकते हैं। देने का काम करते हैं। पर हमारी धरती मां को वह उसका श्रृंगार है उसका जीवन है। मा0 मंत्री कहा कि प्रत्येक वर्ष हर शुभ अवसर पर पेड़ होगा। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आज बल्कि आपको हवा,छाया,फल फ्रूट और संबोधन में कहा कि जन्मदिन हो या कोई अवसर पर उन्होंने कहा कि यदि किसी बुजुर्ग या अजीज काम करें। मा0 मंत्री जी ने सुख हो या दुख और भविष्य का ध्यान रखा जा सकें। इस अवसर नेतृत्व में 9 अगस्त को हुए काकोरी ट्रेन एक्शन कार्यक्रम के अवसर पर एमएलसी श्री वीरेंद्र जीवन में बहुत ही महत्व है इसलिए जो भी पेड़ पर्यावरण शुद्ध रहें। उन्होंने अपने संबोधन में यह




उन्होंने कहा कि हम जन्म देने वाली मां को अनेकों उपहार उसके श्रृंगार के लिए पेड़ पौधों की जरूरत होती है क्योंकि जी ने इस विषय को गंभीरता से लेते हुए उपस्थित सभी से लगाने का काम करेंगे तो आने वाले कल के लिए बेहतर यहां पर जो भी पेड़ लगेंगे वह आपसे कुछ लेने का नहीं आपको ऑक्सीजन देने का काम करेंगे। उन्होंने अपने इस अवसर पर पौधे लगाने के लिए प्रेरित करें। इस अवसर की मृत्यु हो जाती है तो उसकी याद में वृक्ष लगाने का हमेशा वृक्ष लगाने का कम करें ताकि आने वाला कल पर मंत्री जी ने प्रदेश भर में यशस्वी मुख्यमंत्री जी के शताब्दी महोत्सव विषय पर भी प्रकाश डाला।आयोजित सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि वृक्षारोपण का हमारे लगाये जाये उनकी रक्षा करना भी हमारा कर्तव्य है ताकि भी कहा कि पहले बिजली नहीं थी इतनी सुविधा नहीं थी लोग पेड़ के नीचे सोकर रात बिताते थे आज पेड़ काटने में संकोच नहीं करते हैं। पहले साइकिल चलाते थे शरीर स्वस्थ रहता था आज 40-42 की उम्र में हार्ट अटैक की समस्या हो रही है? इस अवसर पर अति विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री सुधीर कुमार शर्मा प्रधान मुख्य वन संरक्षक और विभागाध्यक्ष पर्यावरण वन जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा अपने संबोधन में वृक्षारोपण को भविष्य के लिए आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि इस वर्ष तापमान ने हमें चिन्ता में डाला जिसका मूल कारण वृक्षारोपण में कमी है वहीं वर्षा कुछ स्थानों पर ज्यादा तो कहीं पर कम रही। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम जन सहभागिता से सफल होते हैं अत: अधिक से अधिक वृक्षारोपण हो।आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर जिलाधिकारी शामली श्री रविन्द्र सिंह ने कहा कि मामोर हमारे जनपद का महत्वपूर्ण स्थल होने के साथ जनपद का सबसे बड़ा वाटर बॉडी भी है। इस अवसर पर उन्होंने पर्यटन स्थल को लेकर इस्सोपुर टील प्राचीन मंदिर,ओर गन्देवडा संगम जहां गंगा और यमुना के पानी का संगम होता है के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहां की यदि पर्यावरण की बात करें तो यहां पर बहुत स्कोप है उन्होंने बताया कि राज्य सरकार के अथक प्रयासों से हाल ही में यहां पर बहुत ही अच्छा कार्य हुआ है एस.टी.पी. प्रोजेक्ट बनकर क्रियाशील कर दिया गया है जिससे पहले गन्दा पानी आने की जो समस्या थी अब उसको ट्रीट करके इसमें साफ पानी छोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि इससे लोगों की समस्या भी दूर होगी साथ ही मामोर झील को पर्यटन स्थल बनाने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने स्थानीय लोगों से अनुरोध किया कि पर्यावरण को लेकर अधिक से अधिक वृक्षारोपण हो और उनको संरक्षित भी किया जाये। इस अवसर पर डीएफओ को जगदेव सिंह द्वारा जनपद में वन प्रभाग के बारे में विस्तृत जानकारी से अवगत कराया। और इस वर्ष सभी विभागों के माध्यम से 15 लाख पोधै रोपित करने के बारे में जानकारी के साथ मित्र वन ओर देवता वन के विषय में बताया। वहीं रक्षाबंधन के अवसर पर भी वृक्षारोपण होगा की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान कार्बन क्रेडिट योजना ( ह्लद्रह्द्ध 4शद्धद्रठ्ठ ) श्री अकरम चौधरी किसान को 15000 पौधे लगाने से उत्पन्न ऑक्सीजन के रूप में प्रोत्साहन राशि के रुपए 25000 का चेक मा0 मंत्री जी द्वारा प्रदान किया गया। आयोजित कार्यक्रम के उपरांत मुख्य अतिथि-श्री के0पी0 मलिक जी, मा0 राज्य मंत्री, वन, पर्यावरण,जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन विभाग,उ0प्र0 द्वारा जामुन, एमएलसी श्री वीरेंद्र सिंह द्वारा भी जामुन, विशिष्ठ अतिथि-श्री सुधीर कुमार शर्मा, प्रधान मुख्य वन संरक्षक/विभागाध्यक्ष वन विभाग उ0प्र0, द्वारा कदम, विशिष्ठ अतिथि-श्री एन0के0 जानू,मुख्य वन संरक्षक पश्चिमी क्षेत्र मेरठ द्वारा नीम, जिलाधिकारी श्री रविन्द्र सिंह, द्वारा बरगद का पौधा? रोपित किया गया। इसके अलावा अरविन्द संगल नगर पालिका चेयरमैन शामली, श्री जिला पंचायत सदस्य कैराना, ग्राम प्रधान मामौर आदि द्वारा विभिन्न प्रजाति के पौधे रोपित किए गये।इस अवसर पर स्थल-दारूल उलम रहमानिया, स्कूल-अब्दुला हमीद पब्लिक स्कूल मामौर, स्कूल-दानवीर करण पब्लिक स्कूल शामली के बच्चे, सहित राजेश कुमार क्षेत्र वन अधिकारी कैराना, श्री कृष्णकान्त चक्रवर्ती क्षेत्रीय वन अधिकारी ऊन, अन्य वन विभाग स्टॉफ मोजूद रहें।

## संक्षिप्त समाचार

### कनपटी पर सटाया तमंचा... और दबा दिया ट्रिगर, खून से लथपथ बेटे की लाश देख चीख पड़े घरवाले

